आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 23.04.2024** **समय : 07.10पीएम**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने इंदौर, देवास और सीहोर में मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया
- आठ राज्यों की 58 सीटों पर लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार थमा, 25 मई को मतदान होगा।
- भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर आज अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- प्रदेष में कई जगह लू का असर, बिजावर और गुना में पारा छियालीस डिग्री के पार।

..............................................................................

मतगणना निरीक्षण

लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी और उसी दिन ज्यादातर नतीजे घोषित हो जाने की संभावना है। प्रदेष में मतणना की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज इंदौर सीहोर और देवास में मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। श्री राजन ने देवास जिले में "केन्द्रीय विद्यालय बैंक नोट प्रेस" में विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। देवास जिले में 5 विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान की मतगणना होगी। उन्होंने सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में जिले की 4 विधानसभाओं की मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और पुख्ता तथा बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इंदौर में नेहरू स्टेडियम में मतगणना स्थल बनाया गया है जहां निरीक्षण के दौरान श्री राजन ने पत्रकारों से चर्चा में मतगणना पूर्व तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।

प्रचार थमा

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार आज षाम थम गया। इस चरण में आठ राज्यों के 58 निर्वाचन–क्षेत्रों में शनिवार 25 मई को मतदान होना है। इनमें बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस सीट, जम्मू–कश्मीर की एक, झारखण्ड की चार, दिल्ली की सभी सात सीट, ओडिसा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ सीट शामिल हैं। इन 58 लोकसभा सीट पर कुल आठ सौ 89 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

प्रचार रैली

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया है कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के दल अपने परिवारों को प्राथमिकता देते हैं, देश को नहीं। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन पहले पांच चरणों में चुनाव हार चुका है और उसने डेटा और ईवीएम पर सवाल उठाने सहित विभिन्न आधारहीन आरोपों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की भी आलोचना की और उस पर पूर्व सैनिकों को दशकों तक वन रैंक वन पेंशन से वंचित रखने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने इस योजना को लागू करने के लिए सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कल महेन्द्रगढ में एक रैली को संबोधित किया था और भाजपा पर अग्निवीर योजना की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि आई.एन.डी.आई.ए. के सत्ता में आने पर इस योजना को रद्द कर दिया जाएगा।

विपक्ष रैली

कांग्रेस पार्टी की प्रमुख प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा ने झारखंड के गोड्डा में न्याय संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी ऐसे मुद्दे हैं जिनका जनता सामना कर रही हैं। भाजपा शासित केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में जेल में डाला गया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए थे ताकि वे चुनाव न लड सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई पर वे कुछ नहीं बोलते हैं।

गर्मी

प्रदेश में कई स्थानों पर लू चली तो कुछ जगहों पर बारिष होने की खबर है। भोपाल नर्मदापुरम, षहडोल और सागर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिष हुई है। वहीं धार और रतलाम में लू का प्रभाव रहा। मौसम विभाग के दोपहर में जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेष में छतरपुर जिले के बिजावर में सर्वाधिक अधिकतम तापमान छियालिस डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज और कल में कई स्थानों पर बारिष और कुछ जगह लू चलने का अनुमान जताया है। वहीं गुना जिले में आज दिन का अधिकतम तापमान 46 दषमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। भीषण गर्मी से आमजनों का जीवन प्रभावित है। खंडवा जिले में अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बढ़ते तापमान एवं लू से बचने के लिए जिले के सभी नागरिकों से सावधानियॉ बरतने का आग्रह किया

चुनाव प्रचार

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज पंजाब में पटियाला में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस रैली के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बिहार के गया, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और झारखंड के देवघर में स्थानीय कार्यक्रम, जनसभा, रोड शो और बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वहीं, मध्य प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल  पंजाब के होशियारपुर से कांग्रेस उम्मीदवार यामिनी गोमर के समर्थन में मतदाताओं के साथ संवाद किया।

बुद्ध पूर्णिमा

आज बुद्ध जयंती मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध जयंती पर देषवासियों को षुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर पूरे प्रदेष में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व संध्या पर कल राजधानी भोपाल में सभी बुद्ध विहारों में विषेष बुद्ध वंदना की गई।

वहीं आज वैषाखी पूर्णिमा पर आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित श्रीकेवड़ा स्वामी भैरवनाथ मंदिर पर विभिन्न प्रांतों तथा आसपास और दूरस्थ क्षैत्रों से बड़ी संख्या में श्रृद्धालुजन आये है जा श्रीभैरवनाथ की पूजन कर रहे है साथ ही यही पर दाल–बाटी चूरमा बनाकर प्रसादी चढ़ाते है। वही दूसरी और जिले के प्राचीन, प्रसिद्ध और ऐतिहासिक षिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालु भक्तजन दर्षन कर रहे है।